04 सतपुड़ा वैली स्कूल के खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय...



07 सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत किया विभिन्न कार्यक्रमों...



## खबर संक्षेप

### राशन हितग्राहियों की ईकेवायसी 30 तक

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत पात्रता पर्ची हेतु आवेदनकर्ता प्रतीक्षारत हितग्राहियों एवं पूर्व से राशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों की ईकेवायसी कराने का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। प्राथमिकता श्रेणी की 29 श्रेणियों को इसमें सम्मिलित किया गया है। जिले में अब तक स्थानीय निकाय द्वारा सत्यापित 26,375 हितग्राही पात्रता पर्ची हेतु प्रतीक्षारत हैं। इसके अतिरिक्त 65,675 हितग्राही जो पूर्व से राशन प्राप्त कर रहे हैं लेकिन जिनकी ईकेवायसी नहीं हुई है, उनकी भी ईकेवायसी अनिवार्य है।

### रोजगार कैंप का आयोजन 20 को

**नर्मदापुरम।** जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से रोजगार कैंप का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार कैंप 20 सितम्बर , शनिवार को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक शासकीय महाविद्यालय बनखेड़ी, जिला नर्मदापुरम में आयोजित होगा।

## गुरुवार को किसान संगठनों ने कलेक्टर से की मुलाकात, रखी अपनी बात

# सोसाइटी से यूरिया और मूंग का जल्द ही प्रशासन कराये भुगतानः किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

किसानों को आ रही समस्याओं को लेकर गुरुवार को दो किसान संगठन कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर से अलग-अलग मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया।

नर्मदापुरम जिले में भारतीय किसान यूनियन और राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारियों ने अपर कलेक्टर से अलग-अलग मुलाकात कर किसानों की समस्या बताई। संगठन पदाधिकारियों ने प्रमुख तत्कालील समस्या डीएपी-यूरिया की किल्लत को रखा।

दोनों संगठन ने अपने पत्र में डीएपी और यूरिया को डबल लॉक गोदाम के साथ सेवा सहकारी सोसायटियों से भी नगद वितरित करने की मांग की। सोसायटियों से नगद भुगतान होगा तो डबल लॉक गोदामों पर किसानों की भीड़ नहीं लगेगी। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पटवारे के नेतृत्व में संगठन ने पत्र सौंपा। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ द्वारा जिला अध्यक्ष शिवराज राजोरिया के नेतृत्व में पत्र दिया गया। इसके बाद किसान संगठनों की अपर कलेक्टर के साथ बैठक भी हुई। जिसमें किसान पदाधिकारियों ने किसानों की अलग अलग समस्याओं को रखा।



### भारतीय किसान यूनियन ने कहा

किसानों को रासायनिक खाद के वितरण के लिए जिला विपणन संघ गोदामों पर भारी संख्या में किसानों के पहुंचने से अनेक अव्यवस्थाएं हो रही है। इसलिए तहसील स्तर पर रासायनिक खाद का 50% कृषक सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से 30% एवं जो किसान सेवा सहकारी के सदस्य नहीं हैं ऐसे किसानों को 20% नगद भुगतान पर वितरण किया जाएं। पूरे जिले में खरीफ की फसल पीला मोजेक और अतिवृष्टि से नष्ट हो गई है जिसका शीघ्र ही राजस्व विभाग, कृषि विभाग और फसल बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि के संयुक्त दल द्वारा खेत पर पहुंच कर सर्वे किया जाए और किसान को शीघ्र ही मुआवजा और बीमा क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान करवाया जाए। ग्रीष्मकालीन मूंग बेचने वाले जिन किसानों को भुगतान नहीं हुआ, उसे जल्द कराया जाएं। प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए क्षतिपूर्ति के आंकलन का सैटेलाइट सर्वे को बंद किया जाए।

### किसान मजदूर संघ ने की मांग

नर्मदापुरम जिले में पैदा होने वाली पूसा बासमती धान को जीआई दिलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रस्ताव को शासन को भेजा जाए। खाद वितरण सहकारी समितियों के माध्यम से कराया जाएं। सभी डबल लाक केन्द्रों पर 5 से 10 बोरी वाले लघु सीमांत किसानों को अलग काउंटर खोलकर खाद आवंटन बगैर टोकन की व्यवस्था की जाए। रबी सीजन में मुख्य फसल चने एवं गेहूं के पानी की आपूर्ति के लिए किसानों को 10 घंटे विद्युत सप्लाई दी जाए। समय से पूर्व मेंटनेंस का कार्य पूरा हो। बारिश से खराब हुए खेतों में जाने वाले रास्तों को ठीक किया जाए। बनखेड़ी कृषि उपज मण्डी में पूर्व की व्यवस्था लघु एवं सीमांत किसानों के खाद वितरण की व्यवस्था पुनः प्रारंभ हो।

# पार्षदों ने मानदेय बढ़ाने जनसुनवाई में सौंपे आवेदन

### कार्यक्रम में नपाध्यक्ष और सीएमओ रहे मौजूद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में समस्याओं का लगातार नगरपालिका की टीम द्वारा निराकरण किया जा रहा है। समस्याओं के समाधान होने की गति देखते हुए आज हुई जनसुनवाई में पार्षदगणों द्वारा आवेदन देकर अपना मानदेय बढ़ाने की मांग की गई।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगरपालिका में लगातार जनसुनवाई की जा रही है। जिससे नागरिकों को लाभ मिल रहा है। आज वार्ड 25 के पार्षद दुर्गेश चौधरी, वार्ड 26 के पार्षद राहुल गौर और पार्षद प्रतिनिधि अर्पित मालवीय द्वारा पार्षदों का मानदेय बढ़ाने के लिए आवेदन दिया गया। इस पर नपाध्यक्ष और सीएमओ द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द आपकी मांग पूरी करने का प्रयास किया जाएगा।

इसके अलावा वार्ड नंबर 19 में जर्जर हो चुके एक इमली के वृक्ष को काटने, वार्ड 25 में बिजली के खंबे लगाने तथा वार्ड 23 के नागरिक सुनील गौर द्वारा सीसी रोड बनवाने तथा पेयजल लाइन के लिए आवेदन दिया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं सीएमओ श्रीमती पटले द्वारा सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई कर निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान नगरपालिका का समूचा स्टाफ उपस्थित रहा।

# नपा की उपयंत्री रीना गुप्ता को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित अभियंता दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह में आज नगरपालिका में पदस्थ रीना गुप्ता को उनके द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर विभाग के आयुक्त और प्रमुख अभियंता द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने पर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, उपयंत्री, कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी सहित नगरपालिका के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनको बधाई और शुभकामनाएं दीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय प्रशासन द्वारा आयोजित अभियंता दिवस के कार्यक्रम में प्रदेश भर के 300 से अधिक इंजीनियर्स ने शिरकत की थी।

# पत्रकार भवन में स्व. प्रशांत दुबे की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा, शामिल हुए आमजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



शहर में नर्मदा अंचल पत्रकार संघ द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित पत्रकार भवन में स्वर्गीय प्रशांत दुबे की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर नर्मदा अंचल पत्रकार संघ के पदाधिकारी, सदस्य, अधिवक्ता संघ के सदस्य और शहर के स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। लोगों ने स्वर्गीय प्रशांत दुबे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी ने कहा कि स्व प्रशांत दुबे एक नेक और निष्पक्ष पत्रकार थे। संघ के पदाधिकारी विजय कुंभारे ने कहा कि प्रशांत दुबे उनके गुरु थे। अधिवक्ता मनोज जराठे ने कहा कि प्रशांत दुबे निष्पक्ष पत्रकार थे और उन्होंने हमेशा निष्पक्षता से पत्रकारिता की। अधिवक्ता अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने कहा कि प्रशांत दुबे के साथ उन्होंने एक ही समाचार पत्र में कार्य किया है और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इस मौके पर नर्मदा अंचल पत्रकार संघ के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार बलराम शर्मा, राजेश तिवारी, मनोज सोनी, विजय कुम्भारे, मनोज चौरे राजेश तिवारी, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव मनोज जराठे, सौरभ तिवारी प्रदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# एनआरएलएम के समूहों की दीदीयों को सौंपे जाएंगे टैक्स वसूली के कार्य, बैठक हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम जिले में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत के मार्गदर्शन में जिले में सभी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाया जा रहा है सरकार की इन योजनाओं से सभी को लाभान्वित किया जा रहा है इसी तारतम्य में महत्वपूर्ण नल जल योजना पर मोनिटरिंग की जा रही है।

गुरूवार को जिला पंचायत भवन में 23 जनपदों के सरपंच सचिवों एवं एनआरएलएम ग्रामीण विभाग के स्वसहायता समुहों की दीदियों को बैठक में बुलाया गया। नलजल संबंधित समीक्षा बैठक के दौरान परियोजना अधिकारी शैलेष उके द्वारा जल जीवन मिशन या नल-जल योजना के कार्यान्वयन की प्रगति की वास्तविक स्थिति को सभी पंचायतों के सरपंच सचिवों से जानकारी ली जिसमें ठेकेदारों को काम पूरा करने के लिए बताया गया और उन पर ढिलाई बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी भी देने के लिए बात कही गई।

### अमानक का विक्रय करने पर हुई कार्रवाई

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में अमानक खाद एवं उर्वरकों के विक्रय पर कठोर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में अमानक उर्वरक का भंडारण एवं विक्रय करने पर, राजपूत कृषि सेवा केंद्र, सिवनीमालवा के प्रोपराइटस हुकुम सिंह राजपूत के विरुद्ध पुलिस थाना सिवनीमालवा में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उर्वरक निरीक्षक डॉ. राजीव यादव द्वारा खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण के दौरान, सिवनीमालवा में संचालित प्रतिष्ठान-राजपूत कृषि सेवा केंद्र में भंडारित उर्वरक जिंक सल्फेट 33% का नमूना लिया जाकर, उर्वरक में उपलब्ध पोषक तत्वों की मात्रा की जांच हेतु, उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला उज्जैन को भेजा गया था। गुरूवार को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कराया गया।

# शासकीय नर्मदा कालेज में हिंदी के वैश्विक परिदृश्य विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



नर्मदा कॉलेज में भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रकोष्ठ के तत्वावधान में हिंदी का वैश्विक परिदृश्य विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को हिंदी का महत्व और उसकी प्रासंगिकता बताना रहा। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने नई शिक्षा नीति के भाषाई पैटर्न की सराहना करते हुए कहा कि हमारे शीर्ष नेतृत्व,धर्म ग्रंथ, हिंदी न्यूज़ चैनल और हिंदी पत्रकारिता , इंटरनेट आदि के कारण आज हिंदी विश्व में अपनी पहचान बना रही है।

संयोजक डॉ कल्पना विश्वास रहीं।कार्यक्रम प्रभारी डॉ ममता गर्ग ने प्रतियोगिता की रूपरेखा स्पष्ट की। प्रतिभागियों के निबंध की मौलिकता, भाषा की शुद्धता, विचारों की स्पष्टता, तार्किक प्रस्तुति और रचनात्मकता जैसे मानकों के आधार पर निर्णायकों द्वारा परिणाम निर्धारित किए गए। प्रतिभागियों ने राष्ट्र निर्माण में हिंदी, विश्व में हिंदी का बढ़ता स्वरूप ,वैश्विक परिदृश्य तथा नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं के योगदान जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए । प्रतियोगिता में प्रथम धर्मेंद्र कटारे, द्वितीय श्रृद्धा राजपूत तथा तृतीय स्थान पर रूशाली गहलोत रहीं।

इस दौरान किरण परिहार, शीतल राजपूत और सुरभि साहू का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।डॉ सविता गुप्ता, डॉ अंजना यादव आयोजन समिति में सम्मिलित रहे। डॉ जेके कमल पुरिया, डॉ आमिर कुरैशी आदि शामिल रहे।

### थाना कोतवाली में हुई शांति समिति की बैठक



**नर्मदापुरम।** थाना कोतवाली क्षेत्र में गुरूवार को शांति समिति की मीटिंग रखी गई। जिसमें सिटी मजिस्ट्रेट विजेंद्र रावत साहब अनुविभागीय अधिकारी जितेंद्र पाठक साहब तहसीलदार महोदय नगर पालिका अधिकारी थाना प्रभारी कोतवाली थाना प्रभारी देहात हॉकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा जी जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे वार्ड पार्षद पत्रकार गण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे जिसमें डीजे की तेज आवाज को लेकर विसर्जन को लेकर यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई एवं आगामी त्योहारों को लेकर भी चर्चा हुई।

# पं.रामलाल शर्मा कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन में आयोजित किया गया स्वच्छता पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



17 सितंबर को महाविद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम, स्वच्छता हेतु श्रमदान में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं 18 सितंबर को पर्यावरण संरक्षण पर डॉ संजय गार्गव द्वारा व्याख्यान दिया गया एवं विद्यार्थियों को पर्यावरण के विषय में जागरूक एवं प्रेरित किया गया उन्होंने बताया कि पर्यावरण की रक्षा करने के लिए हमें कई और कदम उठाने होंगे। जैसे कि ऊर्जा की बचत करना,प्रदूषण को कम करना,जैविक उत्पादों का उपयोग करना,कूड़ा अलग करना और उसका सही तरीके से निपटान करना,पेड़-पौधों की देखभाल करना।

इन सभी कार्यों से हम अपने पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ बना सकते हैं। आइए, हम सब मिलकर पर्यावरण की रक्षा के लिए काम करें और पृथ्वी को रहने के लिए एक बेहतर स्थान बनाएं। अंत में उन्होंने कहा कि यदि मानव अपना विकास करना चाहता है तो पर्यावरण के विकास एवं संरक्षण में उसे निरंतर अपना योगदान देना होगा पर्यावरण का अति दोहन कर मनुष्य अपना अस्तित्व नहीं बचा सकता। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर प्रिंस जैन ने बताया कि पर्यावरण को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। हमारा छोटा सा प्रयास भी बड़ा बदलाव ला सकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में अपने विचार रखें । इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे

## श्रीरामलीला महोत्सव का आज दूसरा दिन

# अग्निदेव ने राजा दशरथ को प्रदान की हवि, तीनों रानियों ने दिया पुत्रों को जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



श्रीरामलीला महोत्सव समिति द्वारा आयोजित श्रीरामलीला मंचन के दूसरे दिवस मनु चरित्र एवं श्रीरामजन्म लीला की प्रस्तुति की गई इस दौरान भगवान श्रीराम की बाल लीला एवं शंकर लीला की प्रस्तुति की गई ।

लीला में बताया गया कि राजा दशरथ अपने गुरु वशिष्ठ के पास जाकर उनसे विचार विमर्श करते हैं, गुरु वशिष्ट श्रृंगी ऋषि को बुलवाते हैं और शुभ मुहूर्त में पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवातें हैं जिससे अग्नि देव प्रगट होकर राजा दशरथ को हवि प्रदान करते हैं, राजा अपनी तीनों रानियों में वह बांट देते हैं । कुछ माह पश्चात रानी कौशल्या को श्रीराम , रानी कैकई को श्री भरत और रानी सुमित्रा को श्रीलक्ष्मण और श्री शत्रुघ्न पुत्रों को जन्म देतीं हैं । दि 19 सितम्बर शुक्रवार को ताड़का वध की रौमांचकारी मंचन की प्रस्तुति की जावेगी। श्रीरामजन्म की लीला में राजा मनु और दशरथ की भूमिका सुभाष परसाई , विष्णु की प्रतीक दुबे , शंकर की दीपेश व्यास , ब्रह्मा की अजय परसाई , सुमंत की विनोद परसाई ,बाल राम की शुभांग पाठक और अग्नि की भूमिका शिवाय शुक्ला ने भूमिका निभाई । लीला में पात्र निर्देशक पं सुनील चौरे के साथ संगीत निर्देशन पं राम परसाई , आनन्द नामदेव , आदित्य परसाई , अथर्व दुबे और सौरभ सराठे का रहा ।

### साडा सीईओ ने किया साडाक्षेत्र का निरीक्षण



पचमढ़ी। साडा सीईओ अनीशा श्रीवास्तव द्वारा साडा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया, प्राधिकरण द्वारा निर्मित चम्पक झील में बनी चार नवीन दुकानों को पर्यटक हेतु प्रारम्भ कराया, जिसमें हेण्डीक्राफ्ट, फास्ट फूड तथा फोटोग्राफी की दुकाने संचालित कि जावेगी। इसके साथ - साथ चम्पक परिसर की साफ - सफाई तथा पर्यटकों को मनोरजंन की ओर सुविधायें दी जा सके, इस हेतु साडा स्टाफ को निर्देष दिये गये। इसके उपरांत साडा क्षेत्र स्थित पंचारण के सामने म0प्र0 पर्यटन द्वारा निर्मित शौचालय जिसे महिला पर्यटकों को ध्यान में रखते हुऐ साडा एवं एम0पी0टी द्वारा उक्त शौचालय को आधुनिक एवं सर्व सुविधायुक्त बनाया गया है, जिसका उद्धघाटन अनीशा श्रीवास्तव द्वारा किया गया।



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने सटोरियो के विरुद्ध की कार्रवाई

**बैतूल।** कोतवाली पुलिस ने सटोरियो के ठिकानो का पता कर बडी कार्यवाही की है। पुलिस द्वारा पृथक-पृथक टीम का गठन कर सटोरियो के स्थानो पर दबिश दी गई और सट्टा लेख करने वालो को पकड़ा। सभी आरोपियो के विरूध्द पृथक-पृथक प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपी गण आदतन होने से सभी के विरूध्द प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही की जाकर आरोपीगण को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया एवं सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाही के दौरान पुलिस ने पप्पू राजेश पाली पिता गेन्दालाल पाली निवासी कोठी बाजार, तौसीम पिता अहमद नूर खान उम्र 33 साल निवासी मोती वार्ड बैतूल, शैलेन्द्र पिता नारायण सिंह उम्र 38 साल निवासी माचना नगर थाना गंज बैतूल, तुषार पिता राकेश मालवीय उम्र 22 साल निवासी लौहिया वार्ड गंज बैतूल, प्रेम पिता अशोक कुमरावत 31 साल निवासी भग्गू ढाना गंज बैतूल और अनस पिता अमीन खान 30 साल निवासी मुर्गी चौक शिवाजी वार्ड बैतूल को पकड़कर उनके कब्जे से 5 सट्टा पर्ची, 5 लीड पेन एवं कुल नकदी रुपए 10780 जब्त किया गया है।

### 24 घंटे के दौरान 27.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 925.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 960.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 18 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 27.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 18 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 3.2, घोड़ाडोंगरी में 0.0, चिचोली में 7.0, शाहपुर में 0.0, मुलताई में 90.0, प्रभात पट्टन में 39.4, आमला में 5.0, भैंसदेही में 65.0, आठनेर में 53.2 तथा भीमपुर में 12.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### 19 करोड़ की लागत से बना क्रिटिकल केयर यूनिट, नहीं हुआ हैंडओवर

# न जनरेटर लगाया और न ही बिजली व्यवस्था के लिए सब स्टेशन बनाया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

**जिला अस्पताल में 19 करोड़ रूपये की लागत से क्रिटिकल केयर यूनिट बनकर तैयार है। लेकिन इसे भवन को अभी तक हैंडओवर नहीं लिया है, जबकि भवन निर्माण पूरा हो चुका है। किन्तु अभी तक जनरेटर नहीं लगाया और न ही बिजली व्यवस्था के लिए अलग से छोटा सब स्टेशन बनाया है।**

जिला अस्पताल प्रबंधन ने इस संबंध में ठेका कंपनी को जल्द जनरेटर और सब स्टेशन के इंतजाम करने के लिए नोटिस भी जारी किया है। बता दे कि जिला अस्पताल में गंभीर मरीजों के लिए अलग से 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट भवन बनाया गया है। जिसका करीब 2 साल पहले काम शुरू कराया था। तीन मंजिला इस भवन को अति आवश्यक अनिवार्य कार्यों की श्रेणी में रखा गया है, जहां अस्पताल आने वाले गंभीर और ऐसे मरीजों को रखा जायेगा, जिन्हें आईसीयू की जरूरत पड़ती है। किन्तु इस भवन में अभी तक उपचार शुरू नहीं हो पाया है। जिसके पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि ठेका कंपनी ने अभी तक जनरेटर नहीं लगाया और न ही बिजली व्यवस्था के लिए अलग से छोटा सब स्टेशन बनाया है। जिसकी वजह से इस भवन में उपचार प्रारंभ नहीं हो पाया है।

#### जिन्हें किसी भी समय आईसीयू की जरूरत

अस्पताल के ठीक बाजू में 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट भवन बनाया है। इस भवन में उन मरीजों को भर्ती किया जाएगा, जिन्हें आईसीयू में भर्ती नहीं किया है, लेकिन उन्हें किसी भी समय आईसीयू की जरूरत पड़ सकती है। इसीलिए इन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट में रखा जाएगा और तुरंत बगल में स्थित आईसीयू में पहुंचा दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि इस क्रिटिकल केयर यूनिट में हैवी मशीनरी रहेगी। इसीलिए भवन के बगल में सब स्टेशन बनाया जाना है। ठेकेदार ने यह सब स्टेशन अब तक नहीं बनाया है। इसी तरह इमरजेंसी बिजली व्यवस्था के लिए जनरेटर नहीं लगाया है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि यह सारी व्यवस्थाएं होने पर ही भवन हैंडओवर लिया जाएगा।

#### पार्किंग तोड़कर बनाया गया है भवन

क्रिटिकल केयर यूनिट भवन बनाने के लिए 2028 में 75 लाख से बनी पार्किंग को तोड़ा गया। इसके अलावा 2 करोड़ रूपये के बैलून अस्पताल को भी खोलकर रखना पड़ा। वहीं जिला अस्पताल में जो ब्रेंचे लगाई थी, वे सभी इस भवन के बनने के दौरान ठेकेदार ने तोड़ दी। पुराने जिला अस्पताल के चार मंजिला भवन से इस क्रिटिकल केयर यूनिट के भवन को जोडऩे के लिए ब्रिज बनाया है। इसके लिए पुराने भवन में तोडफ़ोड की गई। बताया जा रहा है कि 35 लाख का ऑक्सीजन प्लांट क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने के दौरान ठेकेदार ने खराब कर दिया था। इसके बाद भी क्रिटिकल केयर यूनिट अभी तक शुरू नहीं हुई है।

#### स्टॉफ की खलेगी कमी

अस्पताल भवन तो अच्छे बनकर तैयार तो हो रहे है लेकिन स्टॉफ की कमी खल रही है। क्रिटिकल यूनिट के संचालन में भी बडी संख्या में स्टॉफ की जरूरत पडेगी, लेकिन अस्पताल प्रशासन के पास स्टॉफ ही नहीं है। ऐसी स्थिति में क्रिटिकल यूनिट का संचालन करना मुश्किल हो जाएगा। वैसे ही डॉक्टर से लेकर अन्य स्टॉप कम होते जा रहा है। नए स्टॉफ की भर्ती नहीं हो रही है। नतीजा यह है कि अस्पताल की व्यवस्था बिगडे ही रहती है। 150 बिस्तरीय महिला एवं शिशु चिकित्सा ईकाई की शुरूआत हुई है, जिसमें भी स्टॉफ की कमी खल रही है। स्टॉफ कम होने के कारण अस्पताल के मुख्य द्वार को अभी तक नहीं खोला है। पर्याप्त स्टॉफ नहीं होने से व्यवस्था बनाना बहुत मुश्किल हो गया है।

**व्यवस्थाएं नहीं हैं**

क्रिटिकल केयर यूनिट का भवन बन चुका है। भवन के बगल में सब स्टेशन बनाया जाना है। ठेकेदार ने यह सब स्टेशन अब तक नहीं बनाया है। इसी तरह इमरजेंसी बिजली व्यवस्था के लिए जनरेटर नहीं लगाया है। ये व्यवस्थाएं होने पर ही भवन हैंडओवर लिया जाएगा।

**डॉ. जगदीश घोरे,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

**नोटिस नहीं मिला है**

यह काम हमारे एस्टीमेट में नहीं है। अभी तक हमें कोई नोटिस नहीं मिला है। नोटिस मिलेगा तो उसका जवाब दिया जाएगा।

**सुरेंद्र खत्री,** विस्को कंस्ट्रक्शन, मैनेजर

### पुलिस ने दो आरोपी किए गिरफ्तार

## खेत में ककड़ी चोरी करने गए नाबालिग की करंट से मौत



**बैतूल।** ककड़ी चोरी करने गए नाबालिग की करंट लगने से मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूचना प्राप्त हुई कि नाबालिग अमित उईके पिता राजू उईके उम्र 17 वर्ष का शव उसके घर के पास बाड़ी में पड़ा हुआ है। शव पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली भेजा गया, जहाँ पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने इस मामले में धारा 194 बीएनएसएस पंजीबद्ध किया गया। जांच के दौरान मृतक के दोस्तों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि 11सितंबर की रात्रि को अमित अपने दोस्तों के साथ मोबाइल गेम खेल रहा था। इसी दौरान वह अपने एक नाबालिग मित्र के साथ पास के खेत में ककड़ी तोडने गया, जहाँ उसे करंट लग गया और उसकी मृत्यु हो गई। जांच में पाया गया कि आरोपी हरि सलाम पिता छोटेलाल सलाम उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम चिखलीमाल ने अपने खेत की सुरक्षा के लिए बिजली के करंट वाले तार लगाए थे। घटना के बाद हरि सलाम ने बिना किसी को सूचना दिए तारों को निकालकर घर में छुपा दिया। बाद में अपने दामाद संतोष धुर्वे पिता मंसूलाल धुर्वे उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम पाण्डाझिरी के साथ मिलकर 12-13 सितंबर की मध्यरात्रि में मृतक का शव रस्सी और लकड़ी की बल्ली से बांधकर मृतक के घर के पास फेंक दिया। जांच उपरांत थाना बीजादेही पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 105, 238, 3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 का प्रकरण पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जिला जेल भेजा गया है। प्रकरण में आरोपियों से खेत में लगाए गए करंट के तार, मृतक की चप्पल, शव को ले जाने में प्रयुक्त रस्सी और लकड़ी की बल्ली बरामद की गई है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बीजादेही उप निरीक्षक रवि शाक्य, सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट निरीक्षक आबिद अंसारी, सहायक उप निरीक्षक अवधेश वर्मा एवं आरक्षक ऋषिराज राठौर, डॉग मास्टर विवेक गाडगे एवं आर चालक सतीश कुमार की विशेष भूमिका रही।

## पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम जोन ने ली अपराध समीक्षा बैठक



**बैतूल।** पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम जोन मिथिलेश कुमार शुक्ला द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम बैतूल में जिले की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक नर्मदापुरम रेंज प्रशांत खरे, पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारी एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। पुलिस महानिरीक्षक के बैतूल आगमन पर सलामी गार्ड द्वारा उत्कृष्ट टर्नआउट के साथ सलामी दी गई। इसके उपरांत उन्होंने गार्ड का निरीक्षण किया और तत्पश्चात अपराध समीक्षा बैठक में सहभागिता की। अपराध समीक्षा के दौरान पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला ने अपराध नियंत्रण एवं प्रभावी पुलिसिंग के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित अपराधों का त्वरित निपटारा किया जाये। गंभीर एवं पुराने प्रकरणों की प्राथमिकता से विवेचना कर शीघ्र निराकरण किया जाए। स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। गौ-तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर सख्ती, गोवंश परिवहन, मादक पदार्थों की तस्करी एवं सट्टा-पट्टा जैसे अपराधों पर निरंतर निगरानी रखते हुए कठोर कार्रवाई की जाए।

## पितृपक्ष पर व्यसनमुक्त समाज का लिया संकल्प



**सारनी।** पितृपक्ष के अवसर पर सत्कर्म ही सच्चा तर्पण विषय पर विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी आश्रम सारनी में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी ने पितरों के तर्पण पर अपने उद्बोधन में कहा कि केवल कर्मकांड से नहीं, बल्कि सत्कर्मों से ही सच्चा तर्पण संभव है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को प्रेरित करते हुए बताया कि पितरों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का सबसे श्रेष्ठ मार्ग व्यसनमुक्त और सद्गुणों से युक्त जीवन जीना है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में युवा नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं को व्यसन से दूर रहने और स्वस्थ समाज निर्माण की शपथ भी दिलाई गई। ब्रह्माकुमारी सविता बहन ने सभी को कमेंट्री द्वारा योग की गहन अनुभूति कराई और नशामुक्त जीवन की प्रतिज्ञा कराई। कार्यक्रम में सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर एस.एस. ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि व्यसन छोडक़र सकारात्मक जीवन की ओर बढना ही राष्ट्र और समाज के लिए सच्ची सेवा है। इस अवसर पर बीके अनीता, बीके शारदा, बीके पावनी, बीके स्मृति, बीके तरुण, बीके भारती एवं बीके दिनेश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के दिए निर्देश

## एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**बैतूल।** बैतूल बाजार क्षेत्र अंतर्गत घटित हत्या की गंभीर घटना के प्रकरण में पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। फरियादी हेमराज पिता देवराव अलोने, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम सरगांव ने थाना बैतूल बाजार में सूचना दी कि 17 सितंबर को सुबह लगभग 06.30 बजे उनके पिताजी देवराव अलोने खेत में घास काटने गए थे।

दोपहर लगभग 2.30 बजे तक घर वापस नहीं आने पर फरियादी जब खेत पर पहुँचा, तो उसने अपने पिताजी को मक्के के खेत में लहूलुहान अवस्था में पड़ा पाया, जिनके सिर पर धारदार हथियार से चोट के गहरे निशान थे। फरियादी द्वारा तत्काल पिता को खेत से करीब 200 मीटर दूर स्थित अपने मकान पर लाकर डायल-112 को सूचना दी गई। सूचना पर थाना बैतूल बाजार पुलिस टीम एवं डायल-112 मौके पर पहुँची और घायल देवराव अलोने को शासकीय चिकित्सालय पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैतूल श्रीमती कमला जोशी, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सुनील लाटा एवं सीन ऑफ क्राइम यूनिट द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। पुलिस



अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन स्वयं घटनास्थल पर पहुँचे, जहाँ उन्होंने मृतक के परिजनों से चर्चा की तथा खेत में स्थित घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। श्री जैन ने थाना प्रभारी बैतूल बाजार को निर्देशित किया कि अज्ञात आरोपी की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।

### बैतूल का नाम किया रोशन

## सतपुड़ा वैली स्कूल के खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय लॉन टेनिस में दिखाया दम



**बैतूल।** विदिशा में आयोजित राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बैतूल जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों में कुल 12 छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंडर 14 वर्ग में भव्य मरोठी, कु. मौली बोथरा और काव्या बोथरा ने अपने खेल से सबका ध्यान आकर्षित किया। अंडर 17 वर्ग में खुश मरोठी, कार्तिक रोचलानी और कु. स्नेहा रघुवंशी ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन कर बैतूल का मान बढ़ाया। वहीं अंडर 19 वर्ग में श्रीमय, आयुष पानकर और तनिष्क मसराम ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया। छात्रों की इस उपलब्धि पर स्कूल डायरेक्टर दीपाली निलय डागा जी ,स्कूल प्रिंसिपल डॉ. रीतू बाजपाई, स्कूल मैनेजर शिवशंकर मालवीय सहित पूरे सतपुड़ा परिवार ने बच्चों को बधाई दी।

### 19 दुकानदारों के यहां मिले अमानक पॉलीथीन

## नगर पालिका परिषद ने की चालानी कार्रवाई, 3250 रुपए जुर्माना वसूला



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारनी

नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पालिका क्षेत्र में सिंगल यूज पॉलीथीन का उपयोग करने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा 19 दुकानदारों के चालान बनाकर उनसे 3250 रूपए वसूल किए गए। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चालानी कार्यवाही के पूर्व नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा उक्त अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत गुरुवार सुबह 11 बजे नगर के गायत्री स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पालिका के प्रभारी सीएमओ हितेश शाक्य, नोडल अधिकारी केके भावसार, सहायक लेखाधिकारी ब्रजेश नागर, राजेश बगाहे, राजेश वागद्रे समेत अन्य लोगों की मौजूदगी में स्कूल से रैली निकाली गई। सिंगल यूज पॉलीथीन को लेकर सभी को जागरूक किया गया। इसके बाद रैली शॉपिंग सेंटर से होती हुई वापस स्कूल पहुंची। नपा ने इसके बाद शॉपिंग सेंटर में चालानी कार्यवाही की। बगडोना मार्केट में पहुंचकर भी नपा की टीम ने चालानी कार्यवाही की। कुल मिलाकर 19 चालान बनाकर 3250 रूपए का राजस्व वसूल किया गया। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी हितेश शाक्य ने बताया कि नपा सतत अभियान जारी रखेगी। अन्य क्षेत्रों में भी चालानी कार्यवाही की जाएगी। सिगल यूज पॉलीथीन, डिस्पोजल को जब्त किया जाएगा। शुक्रवार को नगर पालिका टीम द्वारा नगर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता को लेकर नुक्कड़, नाटक का आयोजन किया जाएगा।

### बैतूल में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति व्यापारियों को किया जागरूक




**बैतूल।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत गुरुवार को जिले में विभिन्न स्वच्छता संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा कोठी बाजार और गंज क्षेत्र में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के प्रतिबंध को लेकर जागरूकता एवं कार्रवाई की गई। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मत्सेनिया के मार्गदर्शन में स्वच्छता निरीक्षक राजेश सोनी और श्री संतोष धनेलिया ने पूरे स्वच्छता अमले के साथ व्यापारियों को पॉलीथिन का उपयोग न करने और कपड़े के थैले अपनाने के लिए प्रेरित किया। ग्राहकों से भी अपील की गई कि वे बाजार आते समय कपड़े का थैला साथ लेकर आएं। अभियान के दौरान सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग करने वाले व्यापारियों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 16 हजार रुपये की राशि वसूल की गई और 54 किलो पन्नी जब्त की गई। वहीं, कपड़े के थैले का उपयोग करने वाले व्यापारियों और नागरिकों को नगर पालिका अमले ने प्रोत्साहित भी किया।

### सभी एसडीएम को एकलव्य आवासीय विद्यालयों के निरीक्षण के दिए निर्देश

# एकलव्य विद्यालयों की होगी समग्र जांच: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिले में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र में स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावास परिसरों का विस्तृत निरीक्षण करें। कलेक्टर सूर्यवंशी ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छ, सुरक्षित और अनुशासित माहौल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसलिए निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, स्वास्थ्य परीक्षण, भवनों की स्थिति, वॉशरूम और पाइप लाइन की व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा, भोजन की गुणवत्ता, खेल सुविधाएं, काउंसलर और नर्स की कार्यप्रणाली जैसे बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। खिडक़ी दरवाजे, सेप्टिक टैंक आदि का सूक्ष्म निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों की गद्दे-तकिये जैसी आवश्यक वस्तुएं खराब स्थिति में मिलें तो तुरंत बदलकर दी जाएं। साथ ही मेस स्टाफ के व्यवहार और निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो। भोजन की गुणवत्ता और सैंपलिंग की जाएं। कलेक्टर सूर्यवंशी ने निर्देश दिए कि शिक्षकों और विद्यार्थियों से प्राचार्य के व्यक्तित्व पर चर्चा अलग-अलग सामूहिक चर्चा कर उनकी राय जानी जाए, ताकि व्यवस्थाओं की असल तस्वीर सामने आ सके। इसके साथ ही नवीन निर्माण कार्यों की स्थिति और उनका उपयोग, पिछले दो वर्षों की खरीदी की वित्तीय प्रक्रिया और स्वीकृति की गहन जांच भी की जाएगी।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय और कन्या शिक्षा परिसर का किया संयुक्त निरीक्षण

### अधिकारियों ने बच्चों से की चर्चा और भोजन की गुणवत्ता जांची



**बैतूल।** कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर गुरुवार को जिले में शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर अधिकारियों की टीम पहुंची और व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जानकारी के अनुसार जोगली स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय में पांच सदस्यीय टीम ने निरीक्षण किया। इसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एवं दो महिला शिक्षिका शामिल रहीं। टीम ने शैक्षणिक गतिविधियों, उपस्थिति रजिस्टर, भोजन व्यवस्था और अनुशासन की स्थिति का अवलोकन किया। बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई और समस्याओं की जानकारी भी ली गई। अधिकारियों ने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दिशा-निर्देश दिए और छात्र-छात्राओं को अनुशासन, स्वच्छता व नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार कन्या शिक्षा परिसर आमला का भी निरीक्षण किया गया। इस दल में एसडीएम, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान भोजन शाला की गुणवत्ता, रसोई घर की साफ-सफाई तथा खाद्यान्न भंडारण की व्यवस्था का बारीकी से परीक्षण किया गया। दल ने भोजन का स्वाद लेकर गुणवत्ता परखी और छात्राओं से फीडबैक भी लिया।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा: विश्वास की परंपरा

# 21 को प्रिंस पैराडाइज में होगी हरिभूमि गरबा एंट्री पास की ग्रैंड लॉन्चिंग, आगाज 26 को

शक्ति की आराधना के पावन महापर्व नवरात्रि में हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा का नाम लोगों की जुबान पर रट गया है, शहर का हर व्यक्ति चाहता है। गरबा महोत्सव के लिए पास का वितरण जारी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अगर आप भी हरिभूमि गरबा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं तो आपको 21 सितंबर दिन रविवार को दोपहर ठीक 12 बजे प्रिंस पैराडाइज गार्डन एंड रिजॉर्ट पहुंचना आवश्यक है। रविवार को हरिभूमि समूह द्वारा आयोजित एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा के एंट्री पास की ग्रैंड लॉन्चिंग रखी गई है। जिसमें पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लोगों को 100 एंट्री पास एवं सौ फूड पास का वितरण किया जाएगा।

### एंट्री पास प्राप्त करें

शक्ति की आराधना के पावन महापर्व नवरात्रि में हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा का नाम लोगों की जुबान पर रट गया है, शहर का हर व्यक्ति चाहता है कि जल्द से जल्द उसे हरिभूमि गरबा का पास प्राप्त हो जाए और वह गरबा में जाने के लिए निश्चिंत हो जाए। इवेंट ऑर्गेनाइजर भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि रविवार के एंट्री पास लॉन्चिंग आयोजन में पहुंचकर गरबाप्रेमी अपना फ्री एंट्री पास और फूड पास प्राप्त कर लें। उसके बाद सोमवार से एंट्री पास हरिभूमि कार्यालय से दोपहर 12 से शाम 7 बजे तक प्राप्त किए जा सकेंगे। इस वर्ष निःशुल्क एंट्री बंद है।

### एंट्री पास के बिना गरबा स्थल न पहुंचे

हरिभूमि द्वारा इस वर्ष नागरिकों और गरबा प्रेमियों से अपील की जा रही है कि वे लॉन्चिंग के बाद जल्द से जल्द एंट्री पास प्राप्त कर लें। एंट्री पास लिमिटेड संख्या में है। एंट्री पास पूरी तरह बिक जाने पर एंट्री बंद कर दी जावेगी। इस वर्ष आयोजन की प्रशंसा और ख्याति एवं अभी तक आ रही पूछताछ से लग रहा है कि लॉन्चिंग के दिन ही बड़ी संख्या में फ्री और प्रीमियम एंट्री पास चले जाएंगे।

### आदिशक्ति के बिना कोई कार्य संभव नहीं



हरिभूमि गरबा का लोगो को इंतजार भगवान ब्रहमा, विष्णु एवं महेश सृष्टि के निर्माता, संचालक एवं संहारक हैं। परंतु आदिशक्ति के बिना यह तीनों ही कार्य संभव नहीं है। इसी आदि शक्ति की आराधना का यह पावन पर्व नवरात्रि नगर वासियों के लिए धन-धान्य, वैभव से परिपूर्ण हो ऐसी हमारी शुभकामनाएं है। आयोजकों को हमारी अग्रिम बधाई।

**पंकज चौरे, अध्यक्ष नपा इटारसी**

### आयोजन से जुड़कर प्रसन्नता है



मां दुर्गा ने महिषासुर राक्षस का वध किया जिसकी खुशी में लोगो ने नृत्य किया। इस नृत्य को ही गरबा नाम दिया गया। जन उत्थान के लिए माता शक्ति भक्तो की हर बात सुनती है। हरिभूमि का पारंपरिक गरबा नगर में चर्चा का विषय है। हम आयोजन से जुड़े है यह प्रसन्नता का विषय है। आयोजन में सभी लोगों का सहयोग मिलेगा।

**शिरीष कोठारी, कालोनाईजर एवं समाजसेवी**

### लोगों की बना पहली पसंद



हरिभूमि फैमिली गरबा शहर के लोगों की पहली पसंद बन गया है। हरिभूमि फैमिली गरबा में शहर के उन घरों की महिलाएं जो किसी अन्य आयोजन में जाने से कतराती हैं, वह यहां आकर सुरक्षित एवं पारिवारिक वातावरण में गरबा करने के लिए उत्साहित रहती हैं। हरिभूमि समाचार पत्र पिछले तीन वर्षों की तरह इस वर्ष भी शत प्रतिशत सफल होकर प्रसिद्धि प्राप्त करेगा।

**सत्यम अग्रवाल, संचालक साईं कृष्णा रिसोर्ट**

### लोगों की बना पहली पसंद



हरिभूमि फैमिली गरबा के लिए जितने उत्साहित हम और हमारा परिवार है उतना ही उत्साह और जोश शहर के आम लोगों में भी देखने सुनने को मिल रहा है। पिछले वर्ष हुए हरिभूमि फैमिली गरबा के सफल आयोजन के बाद इस वर्ष एक बार फिर हरिभूमि फैमिली गरबा लोगों के दिलों पर अपनी अमिट छाप छोड़ जाएगा इसमें कोई शक नहीं है। हरिभूमि की पूरी टीम इसके लिए बधाई एवं शुभकामनाओं की पात्र है।

**सुनील दुसाने, दुसाने ज्वेलर्स**

## सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का नागरिकों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

न्यायालय ने पचमढ़ी को निर्माण कार्य संबंधित मामले में राहत देते हुए जी प्लस 3 निर्माण की अनुमति दी है। सुप्रीम कोर्ट में पेशी के बाद पचमढ़ी आने पर दिल्ली गए हुए संजय लेड़वानी एवं पंकज जायसवाल का जोरदार स्वागत हुआ। पचमढ़ी वासिओं ने इंद्रप्रस्थ चौराहा पहुंचकर दोनों एवं छावनी परिषद कर्मचारी का भव्य स्वागत किया एवं जुलूस निकालते हुए सभी ने शहर भ्रमण किया।

## सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में मीडिया कर्मी हुए एकजुट, सौंपा ज्ञापन



**सिवनी मालवा।** नगर के पत्रकारों ने गुरुवार को एकजुट होकर तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम सरोज परिहार को जिला कलेक्टर नर्मदापुरम के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके बाद थाना पहुंचकर एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान को पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की। पत्रकारों ने बताया कि ग्राम चतरखेड़ा निवासी पवन रघुवंशी (भोला) द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सएप और फेसबुक पर समाचार की कटिंग साझा कर अभद्र टिप्पणी की गई। इसके बाद नगर के कुछ लोगों ने भी उस पोस्ट पर गाली-गलौच और अशोभनीय टिप्पणियां लिखीं। इससे नगर के पत्रकारों की सामाजिक छवि धूमिल हुई है।

## फरवरी में होगा जैन समाज का वेदी प्रतिष्ठा महा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर जैन समाज फरवरी 2026 में नगर के चैत्यालय में श्री जिनवाणी अ स्था प, कलशारोहण एवं वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव करेगा। जिसकी तैयारी समाज ने प्रारंभ कर दी है। गत दिवस सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह को आयोजन के लिए आमंत्रित किया गया है। सोहागपुर जैन समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन ने बताया कि भव्य आयोजन छह, सात, आठ व नौ फरवरी 2026 को होगा। जिसकी शुरुआत छह फरवरी 2026 को प्रातः नौ बजे मंदिर विधि से होगी। इसके बाद नियमित अलग-अलग धार्मिक आयोजन सामाजिक परंपरानुसार होंगे। वहीं नौ फरवरी को बड़ी मंदिर विधि, वेदी सूतन शोभायात्रा, आनंदोत्सव, तिलक, सम्मान समारोह व शांति पाठ के साथ आयोजन संपन्न होगा। जैन समाज सोहागपुर के प्रतिनिधियों ने विधायक से भेंट कर आयोजन में उपस्थित होने एवं सहयोग का आग्रह किया है। इस दौरान जैन समाज के अखिल भारतीय प्रतिष्ठा रत्न पं. नीलेश जैन, अभिषेक जैन, सुधीर जैन, नरेंद्र जैन, अनिल जैन, नीलेश सरस, कमलेश जैन, संजय जैन, सर्वेश जैन उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर विधायक ने किया मरीजों में फल तथा अन्य सामग्री वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन एवं सेवा पखवाड़ा के तहत सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर में भर्ती प्रसूताओं एवं नवजात शिशुओं के लिये उपयोगी सामग्री वितरित की है।

सोहागपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर शुरू किये गए सेवा पखवाड़ा पर बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर में विशेष सेवा कार्यक्रम किया गया। जिसमें विधायक सिंह ने स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती प्रसूता महिलाओं व नवजात शिशुओं को फल एवं बेबी किट वितरित किये। किट में नवजातों के लिये उपयोगी वस्त्र व अन्य सामग्री हैं, जो प्रसूताओं तथा शिशुओं को सहायक



सिद्ध होगी। इस दौरान विधायक सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने एवं सेवा, समर्पण व संवेदन शीलता की भावना को सशक्त करने की दिशा में सराहनीय प्रयास किये हैं। इस दौरान पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, सोहागपुर मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, नपाध्यक्ष लता पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, पार्षद रविशंकर उईके, आशीष मालवीय, अभिनव पालीवाल, नीरज यादव सहित पार्टी कार्यकर्तागण और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सांसद व विधायक की उपस्थिति में काष्ठागार में रोपे गए 75 पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर स्थित वन विभाग के काष्ठाकर में गुरुवार को सघन पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें सांसद दर्शन सिंह चौधरी व विधायक विजयपाल सिंह की उपस्थिति में फलदार एवं छायादार प्रजातियों के पौधे रोपे गए हैं। जानकारी अनुसार स्कूली बच्चों प्रशासनिक अधिकारियों, बीजेपी कार्यकर्ताओं, वनाधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में सांसद व विधायक ने पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद स्कूली बच्चों, भाजपाईयों व अधिकारियों-कर्मचारियों ने पौधे रोपे। बताया जाता है कि छायादार तथा फलदार प्रजाति के कुल 75 पौधों का रोपण काष्ठागार के वृहद परिसर में किया गया है। इस दौरान सोहागपुर नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल,




उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, पार्षद शोभा अहिरवार, वन संघ संरक्षक अशोक कुमार, वन मंडलाधिकारी मयंक गुर्जर, उपवन मंडलाधिकारी मानसिंह मरावी, रेंजर सुमित पांडे, एसडीएम प्रियंका भल्लावी, एसडीओपी संजू चौहान, टीआई ऊषा मरावी आदि उपस्थित थे।

## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत भाजपाईयों ने किया 20 यूनिट रक्तदान

**सोहागपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा द्वारा रक्तदान शिविर किये जा रहे हैं। इसी क्रम में भाजपाईयों ने गुरुवार को सोहागपुर स्वास्थ्य केंद्र में सांसद दर्शन सिंह चौधरी व विधायक विजयपाल सिंह की उपस्थिति में रक्तदान किया। भाजपा सोहागपुर मंडलाध्यक्ष अश्विनी सरोज, सेमरी मंडलाध्यक्ष योगेश मालवीय तथा शोभापुर मंडलाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने बताया कि सेवा पखवाड़ा में सोहागपुर, सेमरी हरचंद तथा शोभापुर मंडलों के भाजपा कार्यकर्ताओं ने 20 यूनिट रक्तदान किया है। जिला रेड क्रॉस समिति के सहयोग से आयोजित शिविर में भाजपाईयों ने रक्तदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि युवाओं ने रक्तदान कर दर्शाया कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता जनहित के लिए प्रयासरत रहता है। इस दौरान भारतीय सिंधु महासभा शाखा सोहागपुर कार्यकर्ताओं ने भी रक्तदान किया।

## निर्देशों के बाद भी नहीं हो रही सहकारी समितियों की जांच, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश दिए गए की उर्वरक विक्रेता की दुकानों की जांच कराई जाए। लेकिन अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव ने आज तक कोई दुकान पर जाकर जांच नहीं की। लेकिन यदि देखा जाए तो सरकारी कर्मचारी अधिकारी ही कालाबाजारी को बढ़ावा दे रहे हैं।

उदाहरण के तौर पर अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव के आदेश अनुसार डबल लाक प्रभारी भारत सिंह निमोदा प्रबंधन ने कूपन वितरण किए गए। लगभग 2700 कूपन वितरण किया गया था पर किसानों को कम तथा अन्य लोगों को अधिक महत्व दिया गया था।जो किसान थे ही नहीं



उन्होंने ने कूपन लिए और 500रूपे में कूपन किसानों को बैंच दिए। वगैर किसी वहीं के कूपन वितरण किए गए थे। 267रुपे 50पैसे की यूरिया खाद की बोरी को एम,पी, एग्रो कर्मचारी ने 270से लेकर 300तक में अधिकारियों ने बेचा। यह बात भी सही है पीतांबरा दुकान जैसे दुकान दार 400रुपे तक में टिका रहे थे।तहसीलदार वैभव बैरागी कृषि विकास अधिकारी रेणुका कीर पटवारी मनीष गिरी सहित टीम ने अतुल ट्रेडर्स, एग्रो एग्रो सर्विस सेंटर सहित अन्य दुकाजांचकीभी जांचकी पर कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी नहीं पाई लेकिन दुकानदारों का कहना है कि सरकारी वितरण सेंटरौ में भी गड़बड़ी हो रही हैं। फिर उन पर कोई जांच नहीं कराई गई है। सेवा सहकारी समिति पर भी यही हाल है। तहसीलदार वैभव बैरागी ने बताया कि जांच कराई जाएगी।

## सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत किया विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शास कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं रेड क्रॉस विंग के तहत सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक चलाया जाएगा।

इसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को केंद्र में रखकर सेवा, जन जागरूकता और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना l इसी अभियान को दृष्टिगत रखते हुए गोद ग्राम सतवासा में स्वयंसेवकों द्वारा वृक्षारोपण कर एड्स जागरूकता से संबंधित नूक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम वासियों को एवं स्वयंसेवक का विशेष सहयोग रहा।

## सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पिपरिया में हुई हाथ-ठेला दौड़, विजेता धावक को मिला पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शहर में पहली बार जीवन की जिलेमें पहली बार हाथ ठेला दौड का आयोजन किया गया।जो शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केप्राचार्य अरविंद रघुवंशी के परिसर से सिर लारी चौराहे तक किया गया। जिसमें लगभग आठ ठेलावालों के द्वारा दौड़में हिस्सा लिया गया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ठाकुर दास नागवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर नगर एवं ग्रामीण मंडल के सभी पदाधिकारी जिलेके पदाधिकारी सुजीत रघुवंशी, पुरषोत्तम रघुवंशी, पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य



अरविंद राय नीतीराज सिंह जिसमें एक युवा केदरापार्षद नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी तमाम जनप्रतिनिधियों एवं जनता की उपस्थितिमे दाऊद काआयोजन किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार रू 3100 एवं नया हाथ ठेला द्वितीय पुरस्कार 4100 तृतीय पुरस्कार 3100 रूपये रखा गया था। दौड़ में प्रथम स्थान एक युवा श्रमिक को दिया गया। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने माला पहनाकर स्वागत किया। सभी ने शुभकामनाएं बधाई दी।यह शायद जिले में पहला मौका है जब किसी को रोजगार के लिए हाथ ठेला दिया है। तथा उनकी दौड़ रखी है। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा स्वदेशी अपनाओ देश के गरीब तबके को लेकर सोचते हैं।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर त्यौहारी माहौल में तैयार पुलिस महकमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

आगामी दुर्गोत्सव दौरान नगर का यातायात ठीक रहे तथा आमजन परेशान ना हों, इसके लिये सोहागपुर पुलिस विशेष बल की व्यवस्था बना रही है। सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान, टीआई ऊषा मरावी तथा एएसआई गणेश राय के अनुसार थाना क्षेत्र के मातापुरा वार्ड से अधिकांश दुर्गा प्रतिमाएं ले जाई जाती हैं।

मूर्तियों को नगर के आसपास एवं बाहर के लोग अलग-अलग प्रकार के वाहनों से लेने आते हैं। उस दौरान जाम की स्थिति ना बने इसके लिये पुलिस की यातायात टीम तैनात रहेगी। अधिकारियों ने आमजनों से अपील की है कि वे भी यातायात व्यवस्था सुचारू रखने में सहयोग करें एवं अपने वाहन रोड पर अव्यवस्थित पार्क ना करें। अव्यवस्थित वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की जाएगी।

### सोशल मीडिया पोस्ट पर भी नज़र

आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए सोहागपुर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जाएगी। जिसके लिये थाना स्तर पर विशेष दल का गठन किया गया है, जो 24 घंटे सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर निगाह रखेगा। कोई भी ऐसी फोटो या टिप्पणीइत्यादि सोशल मीडिया फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम आदि पर ना डालें, जिससे किसी की भावनाएं आहत हों। ऐसा पाए जाने पर उस व्यक्ति के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

शांति समिति की बैठक हुआ आयोजन

## पर्वों पर होगी पुलिस बल की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहित यादव थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी स्टेशन रोड थाना प्रभारी आदित्य सैनी सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में बैठकर आदेश दिया है कि इस बार नवरात्री महोत्सव में पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे । बिजली विभाग को भी अवगत कराया गया है। सुरक्षा पर भी विचार किया गया। रावण दहन को लेकर विशेष व्यवस्था पर चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में नगर



पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल जनता की सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं पर प्रकाश डाला गिरीशत्रपाठी थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की कमी नहीं होगी। जीआरपी आरपीएफ भी व्यवस्था संभाल लेगे। नगर पालिका परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नै कहांकी उत्सव के दौरान साफ सफाई की विशेष विशेषता रहेगी। पेट्रोलपंके सभी शौचालय जनता के लिए रहेंगे। चौराहे पर आतिशबाजी बंद रहेगी। समितियां बैध कनेक्शन लेकर ही बिजली जलाएंगे। जनता से भी सहयोग करने की अपील की है।

### विश्वकर्मा जयंती का आयोजन संपन्न

**इटारसी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज संगठन इटारसी के द्वारा आराध्य विश्वकर्मा जन्म महोत्सव, बड़े हर्षोल्लास के साथ साई की बगिया इटारसी में मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा थाना प्रभारी इटारसी गौरव बुंदेला, राष्ट्रीय महासभा के अध्यक्ष अर्जुन मालवीय, मीडिया प्रभारी सोनू मालवीय, नर्मदापुरम महिला मंडल अध्यक्ष पूजा मालवीय एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।

मंच से सभी अतिथियों ने समाज का उत्साहवर्धन किया एवं अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं वृद्ध लोगों का सम्मान किया गया।

## पचमढ़ी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान शुरू किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सीडीपीओ एवं डीपीओ के निर्देशन में पोषण माह का आयोजन कर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का गुरूवार को शुभारंभ हुआ जिसमें पचमढ़ी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक1, 2,3,4,5,6,7, 8 पोषण माह की रैली निकाली गई जिसमें वार्ड के जन प्रतिनिधि महिलाएं बच्चे सभी उपस्थित रहे बीजेपी के महामंत्री गनी कुरैशी मंडल अध्यक्ष पवन झा जी चंद्रकांत अग्रवाल जी संजय महोरिया जी, अप्पू कनोजिया,संजू जायसवाल,राकेश दुर्वे,राकेश जैन,उत्कर्ष यादव,नीलिमा यादव,संध्या ठाकुर,कृष्ण ठाकुर,आशा दीदी,पुष्पा ठाकुर मीणा वर्मा,पूर्व पार्षद दुर्गा प्रसाद उइके ,उपस्थित हुईसभी की उपस्थिति मैं भव्य आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप



### अधिक किराया वसूलने पर यात्री बसों के चालान

**हरदा।** जिले के विभिन्न मार्गा पर विशेष चेकिंग अभियान आयोजित कर वाहनो को चेक किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान बकाया कर, बिना पंजीयन, अस्पष्ट रूप से पंजीयन क्रमांक अंकित होने, बिना बीमा, बिना पीयूसी, बिना फिटनेस और बिना परमिट के संचालित यात्री बस, स्कूल बस, ऑटो रिक्शा एवं लोडिंग वाहन, डम्पर वाहनो की चेंकिग की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को चेकिंग अभियान के दौरान बसों व अन्य वाहनों को चेक किया गया। कार्यवाही के दौरान 2 यात्री बसों व 3 लोडिंग वाहनों पर मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर चालानी कार्यवाही की गई। इस दौरान 12000 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। चेकिंग के दौरान हंडिया ब्रिज से बसों को हंडिया स्थित बस स्टेण्ड में भिजवाया गया। इस दौरान वाहन चालको को नियमों का पालन करते हुए वाहन संचालन की हिदायत दी गई।

### शराब की अवैध विक्रय के 7 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने बुधवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन की रोकथाम हेतु छापामार कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत पर आबकारी विभाग के दल ने जिले के ग्राम बागरूल, हंडिया, अतरसमा, देवतलाब व बैड़ी में ग्राम कोटवार की उपस्थिति में दबिश देकर कुल 86 पाव देशी शराब, 11 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब व 430 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 7 प्रकरण दर्ज किये।

### सांकेतिक भाषा दिवस 23 सितंबर को

**हरदा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से प्राप्त निर्देश अनुसार 23 सितम्बर को सांकेतिक भाषा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम हरदा डिग्री कॉलेज के सेमीनार हॉल में 23 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है।

### 24 घंटों में जिले में 14.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 14.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 19.1 मि.मी., टिमरनी में 10.2 मि.मी., खिरकिया में 2.6 मि.मी., सिराली में 30.8 मि.मी. तथा रहटगांव में 11 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 1067.3 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 932 मि.मी., टिमरनी में 1205.1 मि.मी., खिरकिया में 1134.3 मि.मी., सिराली में 1078.7 तथा रहटगांव में 986.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 18 सितम्बर तक 993.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### सहायक उपकरण उपलब्ध कराने लगेंगे प्रशिक्षण शिविर

**हरदा।** राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिये भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा जिले में 24 से 27 सितम्बर तक निकाय स्तर पर परीक्षण शिविर आयोजित किये जायेंगे। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग, कमलेश सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत 24 सितम्बर को जनपद पंचायत हरदा, 25 सितम्बर को जनपद पंचायत टिमरनी, 26 सितम्बर को जनपद पंचायत खिरकिया तथा 27 सितम्बर को नगर परिषद सिराली में शिविर आयोजित किये जायेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद को शिविरों के आयोजन के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## आने वाले समय में तेज़ी से बदलती दुनिया में आत्मनिर्भर बन सकते हैं

# शासकीय विद्यालयों में कोडिंग प्रोग्राम मिशन कोड शक्ति-हरदा किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

आज के समय में तकनीकी ज्ञान और कोडिंग जैसी स्किल बच्चों के भविष्य के लिए बहुत ज़रूरी हो गई है। यह न सिर्फ़ उनके सोचने और समस्या सुलझाने की क्षमता को बढ़ाता है बल्कि उन्हें आगे की पढ़ाई और रोज़गार में भी नए अवसर दिलाता है। अगर विद्यार्थी स्कूल से ही कोडिंग सीखना शुरू करें तो वे आने वाले समय में तेज़ी से बदलती दुनिया में आत्मनिर्भर बन सकते हैं। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि इसी सोच को आगे बढ़ाने के लिए हरदा जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग हरदा ने आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्रों से समन्वय कर हरदा जिले में यह प्रोग्राम शुरू किया है। यह पूरी तरह निःशुल्क है और छात्रों के लिए मोबाइल पर उपलब्ध है। कोर्स को आसान भाषा में तैयार किया गया है ताकि कोई भी विद्यार्थी, चाहे तकनीकी पृष्ठभूमि न भी हो, इसे समझ सके। इसमें छोटे-छोटे वीडियो, सरल अभ्यास और प्रैक्टिकल असाइनमेंट शामिल हैं। कुल लगभग 150 घंटे की सामग्री को इस तरह बाँटा गया है कि विद्यार्थी अपने समय अनुसार सीख सकें।

### मुख्य विशेषताएं

जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र बलवन्त पटेल ने बताया कि यह प्रोग्राम पूरी तरह निशुल्क है, जिससे हर विद्यार्थी इसका लाभ ले सकता है और आर्थिक स्थिति इसमें बाधा नहीं बनती। यह कोर्स मोबाइल पर उपलब्ध है, इसलिए किसी महंगे उपकरण या लैपटॉप की आवश्यकता नहीं पड़ती और विद्यार्थी केवल स्मार्टफोन के सहारे सीख सकते हैं। इसमें प्रयोग की गई भाषा सरल और समझने योग्य है। साथ ही इंटरैक्टिव डिज़ाइन होने से विद्यार्थी सीखते समय बोरियत महसूस नहीं करते और मज़े के साथ सीखते हैं। सीखने की प्रक्रिया को छोटे-छोटे वीडियो और प्रैक्टिकल असाइनमेंट में बाँटा गया है। वीडियो 3 से 15 मिनट के हैं, जिससे विद्यार्थी धीरे-धीरे और नियमित रूप से अभ्यास कर पाते हैं। उन्होने बताया कि यह कुल 150 घंटे का पूरा कोर्स है, जिसे विद्यार्थी अपने समय और सुविधा के अनुसार पूरा कर सकते हैं। यह स्वयं सीखने अर्थात सेल्फ लर्निंग का मॉडल है, जिसमें लचीलापन है। मेहनती छात्रों को हम इंटर्नशिप पाने और उद्योगपतियों व विशेषज्ञों से मेंटरशिप प्राप्त करने का अवसर दिलाने में सहयोग करते हैं। इसमें गूगल, अमेजन और ओपन एआई जैसी कंपनियों से जुड़े विशेषज्ञ भी शामिल हैं।

### आदि कर्मयोगी अभियान में सभी के सहभागिता से होगा समग्र ग्राम विकास - सीईओ




जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की आदि कर्मयोगी अभियान रेस्पेंसिव प्रोग्राम का विकासखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण गुरूवार को जनपद पंचायत खिरकिया के सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने ने बताया कि भारत सरकार की योजना आदि कर्मयोगी अभियान में सभी विभाग एवं ग्रामवासियों के सहयोग से विकेंद्रिकृत समाधन से ग्राम का समग्र विकास होगा। इसमें जनजाति समुदाय की पारम्परिक सांस्कृतिक विरासत एवं सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण करते हुए पेय जल, वन, पर्यावरण, पोषण विकास आदि के सहयोग से ग्राम सभा में समग्र ग्राम विकास हेतु सामुदयिक भागीदारी से इस अभियान में अधिकतम लोगो को लाभान्वित किया जाना हैं। यह हम सभी के सामूहिक प्रयास और सेवा समर्पण की भावना से ही पूर्ण हों सकेगा। प्रशिक्षण में ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर संगीता भिलाला, माला बौरासी, हरिशंकर मालवीय, वीरेंद्र सोनी, संतराम कलमे, द्वारा ग्राम स्तर के ग्राम रेस्पॉन्सिव ग्रुप को प्रशिक्षित किया गया। इस अभियान के तहत महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ विभाग, वन विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, लोक स्वास्थ यंत्रिकी विभाग, एवं सामाजिक संस्था के सामाजिक कार्यकर्ता मिलकर ग्राम के लोगो की सामुद्रायिक एवं निजी समस्याओं को चिन्हांकित कर विकेंद्रिकृत योजना के तहत हल करने हेतु सभी विभागो की जबदेही रहेगी। प्रशिक्षण में सामाजिक संस्था नवोदय आरोग्यम वेलफेयर सोसायटी के सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनजातीय कार्य विभाग से सहायक नोडल अधिकारी, रामभरोस भल्लावी, शंकरलाल चौधरी, सुनील सोधिया, अनीता धुर्वे, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पीली पड़कर सूख रही फसल

# लगातार बारिश से खेतों में लगी सोयाबीन फसल नष्ट



**रहटगांव।** बारिश से सोयाबीन की फसल समय से पहले ही पीली पड़कर सूख रही लागत निकालना भी हुआ मुश्किल। तहसील के अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 18, 19, 20 सहित पटवारी हल्का नंबरों में स्थानीय पटवारी खेतों में पहुंचे पटवारी पहलाद धानक एवं कृषि विस्तार अधिकारी मुकेश मेहता द्वारा किसानों के खेत में पहुंचकर सोयाबीन फसल जो खराब हो चुकी है। उसका निरीक्षण किया और पंचनामा बनाया। लगातार हो रही बारिश के कारण तहसील क्षेत्र की कई किसानों के खेतों में लगी सोयाबीन फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष खरीफ सीजन में सोयाबीन धान मक्का फसल की बोनी करते हैं पिछले तीन चार साल से मौसम की मार एवं फसलों में बीमारी लगने से सोयाबीन के पैदावार कम निकल रही है। इससे धीरे-धीरे क्षेत्र के किसानों का सोयाबीन की बोनी करने से मोह भंग हो रहा है इस वर्ष भी ऐसा ही हुआ सोयाबीन की फसल पीला मोजक, तना छेदक मक्खी ईल्ली, सफेद मच्छर ,अतिबृष्टि, जल भराव सहित अन्य बीमारियों के कारण पूरी तरह बर्बाद हो गई है कई जगह किसानों के खेत में सोयाबीन की फसल में फल्ली तो आई पर वह भी सुख गई कृषक अभिषेक गौर, रामबालक गौर, गुलाब गौर, संजय राठौर, अनिल गौर,नवीन गौर,ने बताया कि समय पर सोयाबीन फसल की बोनी खाद बीज कीटनाशक का छिड़काव किया पर सब बे असर हुआ समय से फसल का रखरखाव करने के बाद भी पीला मोचक रोग ने फसल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया अब मात्र शासन प्रशासन से उम्मीद है कि हमारी खराब हुई। फसलों का बीमा राशि सहित मुआवजा दिया जाए जिससे आगामी फसलों को हम बीज ले सके और हम किसान आगामी फसल का सही उत्पादन कर सके किसानों ने बताया कि 10-10 एकड़ की फसल के रकवे भी पूरी तरह फसल खराब हो गई है। मौके पर पहुंचे कृषि विस्तार अधिकारी ने मुकेश मेहता ने बताया कि किसी को फसल को किसने की फसल का निरीक्षण किया गया है। यह सही है की फसल पीला मोचक सहित अन्य बीमारी लगने से खराब हो हो गई है पंचनामा बनाया गया है।

# स्वास्थ विभाग ने निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में लगाए स्वास्थ्य शिविर



**हरदा।** 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत गुरूवार को जिले के ग्राम झाड़पा, नीमगांव, खुदिया, मगरधा, जोगा, रातातलाई, मांदला, चौकड़ी व मुरलीखेड़ा सहित अन्य ग्रामों में स्वास्थ शिविर आयोजित किये गये। शिविर में स्वास्थ विभाग के दल ने निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया। शिविर में आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी निर्माण, असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग, एनीमिया एवं सिकल सेल रोगों तथा क्षय रोग सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि इन शिविरों में कुल 2834 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान 125 महिलाओं का ए.एन.सी. चेकअप, 2145 लोगों की हिमोग्लोबिन, 1570 लोगों की हायपरटेंशन व शुगर, 723 लोगों की टीबी की जांच की गई तथा 56 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसी प्रकार ग्राम गोगिया में आयोजित रक्तदान शिविर में 79 लोगों ने रक्तदान किया।

## लघु उद्योग भारती ने मनाई विश्वकर्मा जयंती

# त्रिवेणी विहार परिसर में किया त्रिवेणी का पौधरोपण




**खंडवा।** लघु उद्योग भारती खंडवा द्वारा विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर दादाजी इंजीनियरिंग कॉलेज में भगवान विश्वकर्मा एवं शस्त्रों का पूजन किया गया। इस मौके पर दादाजी त्रिवेणी विहार समिति के सहयोग से त्रिवेणी विहार परिसर में दो त्रिवेणी के पौधे भी रोपे गए। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक जीवन जी धाकड़ उपस्थित रहे।

धाकड़ ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा देवों के वास्तुकार हैं, आप निर्माण, इंजीनियरिंग, मशीनरी और औजारों के देवता हैं, आपके पूजन से सब शुभ होता है। संस्था अध्यक्ष गुरमीत सिंह उबेजा ने इस अवसर पर संस्था के कार्यों की जानकारी दी। जानकारी देते हुए अनिल बाहेती ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था सचिव शुभम अग्रवाल, सुनील बंसल, संतोष गुप्ता, सिद्धार्थ मेहता, बादल शर्मा, सक्षम दुबे, कैलाश सुभाष खंडेलवाल, सुनील जैन, दादाजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सपना अरझरे एवं त्रिवेणी समिति के सदस्य उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम का आभार सहसचिव अनुज मुंदड़ा ने व्यक्त किया।

# रुई की बत्ती बनाकर जोड़े 51 हजार किए दान

## ऐसा दान दिया कि जीवन भर के लिए अमर हो गई विमला देवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



नगर में एक ऐसी महिला का निधन हो गया, जिसने अपनी भक्ति और समाजसेवा से अमर छाप छोड़ी है। 76 वर्षीय विमला देवी, जो संपत राव चौहान की धर्म पत्नी, पवन चौहान और रितु जाधव की माता थीं, का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। पिछले कुछ समय से वे अस्वस्थ चल रही थीं। उन्होंने खेतवाली माता मंदिर में 51 हजार रुपये की राशि की एफडी कराई, यह राशि विमला देवी ने रुई की बत्ती बनाई और उन्हे बेचकर एकत्र की थी।

विमला देवी की अंतिम इच्छा अनुसार इस राशि के ब्याज से मंदिर में दुर्गा सप्तशती का पाठ हमेशा करवाया जाएगा। मालूम हो कि विमला देवी लंबे समय से खेतवाली माता मंदिर से जुड़ी हुई थीं और रोजाना मंदिर आकर सेवा कार्य करती थीं। उनका जीवन धर्म और समाज सेवा के लिए समर्पित था। उनकी सरलता, दयालुता और श्रद्धा ने उन्हें हर किसी के दिल में विशेष स्थान दिलाया। मंदिर के पुजारी कैलाश पुरोहित ने बताया कि विमला देवी ने मंदिर के नाम 51 हजार रुपए की एफडी करवाई। उन्होंने बताया कि विमला देवी की अंतिम इच्छा यह थी कि इस राशि के ब्याज से मंदिर में चलने वाले दुर्गा सप्तशती के पाठ का संचालन हमेशा किया जाए। यह उनके जीवन की भक्ति और उदारता का सजीव उदाहरण है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनकर हमेशा जीवित रहेगा। विमला देवी का जीवन और उनका योगदान हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेगा।

## मध्य प्रदेश लेखक संघ ने किया हिंदी दिवस पर कवि गोष्ठी का आयोजन

# विश्व में तीसरे स्थान की भाषा हिंदी है: देशपांडे



**खंडवा।** मध्य प्रदेश लेखक संघ जिला इकाई खंडवा के तत्वावधान में हिंदी दिवस का कार्यक्रम नानक बजाज के निवास स्थान पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर जगदीश चंद्र चौरे ने की। मुख्य अतिथि लेखक सुधीर देशपांडे और विशिष्ट अतिथि हास्य व्यंग्यकार सुनील चौरे उपमन्यु थे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। सरस्वती वंदना नीलम बजाज ने प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि सुधीर देशपांडे ने हिंदी की दशा एवं दिशा विषय पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व में तीसरे स्थान की भाषा हिंदी है और हमें अन्य भाषाओं के साथ हिंदी को भी मजबूत करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हमारी मानसिक स्थिति सही रहे तो हिंदी देश की राष्ट्रभाषा बन सकती है। कॉक्स अध्यक्ष सुनील उपमन्यु ने कहा कि आज भी हिंदी यह प्रश्न कर रही है कि क्या उसे वास्तव में स्वीकार कर लिया गया है। साहित्यकार रघुवीर शर्मा ने कहा कि विदेशों में हिंदी का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है, कई विदेशी शोध कार्य कर रहे हैं, लेकिन भारत में हिंदी की स्थिति संतोषजनक नहीं है।

### हिंदी पर अपने विचार रखे

इसी तारतम्य में सुरेंद्र गीते, गोविंद शर्मा, डॉक्टर जगदीश चंद्र चौरे, देवेंद्र जैन, डॉ. रश्मि दीक्षित, ब्रह्मानंद पाराशर ने भी हिंदी पर अपने विचार रखे। दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें तारकेश्वर चौरे, मंगला चौरे, ओम चौरे, हेमंत उपाध्याय, वर्षा उपाध्याय, शुभम देवड़ा, भूपेंद्र मौर्य, राधेश्याम शाक्य, महेश मूलचंदानी, सोनम चौरे, अनुराधा शांडले, सुनील जैन, शैलेश पालीवाल, नितिन बिवाल, राजमाला आर्य, सरिता सक्सेना, नीता श्रीवास्तव और अनमोल ने काव्य पाठ किया।कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष मंगला चौरे ने किया और आभार सचिव देवेंद्र जैन ने माना।

## जागरूकता अभियान चलाया

### स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों का किया गया आयोजन




**हरदा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत हरदा जिले के तीनों विकासखंडों 220 ग्राम पंचायत में शुक्रवार को घरों से गीला सूखा कचरा अलग-अलग करने के लिये जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में ग्रामीणों को सुखा व गीला अलग-अलग रखने के तरीकों व महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान स्वच्छता की शपथ, घर-घर संपर्क व सामुदायिक बैठकों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। अभियान में ग्राम पंचायत स्तर पर उपस्थित सरपंच, सचिव, पंच, उप सरपंच एवं ग्रामीणों ने आवश्यक सहयोग किया। अभियान के तहत लगभग 3200 लोगों ने सहभागिता की।

# नर्मदा नदी में मगरमच्छ: बुधनी घाट पर घंटों चला रेस्क्यू ऑपरेशन, फिर भी नहीं मिला



**सीहोर।** जिले के बुधनी घाट पर नर्मदा नदी में मगरमच्छ दिखने से देर रात इलाके में हलचल मच गई। कई सालों बाद नर्मदा में मगरमच्छ नजर आया, जिसे देखकर स्थानीय लोग हैरान रह गए।

खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग बुधनी घाट पर इकट्ठा हो गए। उनके लिए यह खास घटना थी, क्योंकि मान्यता है कि मगरमच्छ नर्मदा देवी की सवारी होता है।

स्थानीय लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कई घंटों तक ऑपरेशन चलाया, लेकिन मगरमच्छ पकड़ में नहीं आया। रेस्क्यू टीम का कहना है कि लोगों की सुरक्षा प्राथमिकता है और मगरमच्छ को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। टीम लगातार नदी क्षेत्र में उसकी तलाश कर रही है।

# इमलीपुरा में पुलिस की कार्रवाई दो सटोरियों को किया गिरफ्तार




**खंडवा।** इमलीपुरा क्षेत्र में पुलिस ने सट्टे के अड्डे पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो सटोरियों को गिरफ्तार किया। सीएसपी अभिनव बारंगे और मोघट रोड टीआई धीरेश धारवाल पुलिसकर्मियों के साथ सादी वर्दी में पर्दे लगे ऑटो से मौके पर पहुंचे, ताकि किसी को शक न हो। पुलिस ने फरु उर्फ परवेज उर्फ समीम पिता जफर उल्ला को पकड़ा। उसके कब्जे से सट्टा पर्चियां, मोबाइल और नगद रुपए जब्त किए गए। पूछताछ में उसने बताया कि वह पर्चियां बनाकर अपने भाई कलीम उल्लाह को देता था, जो बड़े सटोरियों के संपर्क में था। पुलिस ने कलीम को भी गिरफ्तार कर उसके खिलाफ केस दर्ज किया। बुधवार रात दोनों सटोरियों का इमलीपुरा इलाके में जुलूस निकालकर पुलिस ने सख्ती दिखाई। टीआई धीरेश धारवाल ने बताया कि दोनों की आपराधिक प्रवृत्ति है और इनके खिलाफ पहले भी सट्टे के मामले दर्ज हैं। करीब आठ महीने पहले भी इन्हें गिरफ्तार कर जुलूस निकाला गया था, लेकिन जेल से छूटने के बाद इन्होंने फिर से अड्डा चालू कर दिया। पुलिस का कहना है कि आगे भी इस तरह के अपराधों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।